मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-181
03/05/2022

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री इस्कॉन मंदिर के लोकार्पण कार्यक्रम में हुए शामिल

पटना 03 मई 2022 :– राज्यपाल श्री फागू चौहान एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज इस्कॉन मंदिर के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना एवं राधा कृष्ण की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इसे आमलोगों के दर्शनार्थ खोल दिया गया। मंदिर के पट खुलने के पश्चात् मुख्यमंत्री ने आरती पूजन कर राज्य की सुख–शांति एवं समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री का स्वागत इस्कॉन मंदिर प्रबंधन द्वारा फूल माला एवं अंगवस्त्र पहनाकर तथा प्रतीक चिंह भेंटकर किया गया।

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री अश्विनी कुमार चौबे, बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिंहा, शिक्षा मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, विधायक श्री नंदकिशोर यादव, विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आर0एन0 सिंह, इस्कॉन के जय पताका स्वामी गुरू महाराज, लोकनाथ स्वामी महाराज, गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज, महाविष्णु स्वामी महाराज, भक्त पुरुषोत्तम स्वामी महाराज, पटना इस्कॉन के अध्यक्ष कृष्ण कृपा दास सहित अन्य संतगण, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

लोकार्पण कार्यक्रम के पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2007 में इस मंदिर का शिलान्यास किया गया था और वर्ष 2010 में इसका निर्माण कार्य शुरू किया गया। इतने दिनों में मंदिर बनकर अब तैयार हुआ है तो मुझे आज काफी संतुष्टि हो रही है। आप सबों ने इस कार्यक्रम में मुझे बुलाया इसके लिये मैं आप सब को धन्यवाद देता हूं और आभार व्यक्त करता हूं। मुझे यहां आकर काफी खुशी हो रही है। यह मंदिर बहुत अच्छा बनकर तैयार हुआ है। मंदिर का लोकार्पण हो गया है तो अब बड़ी संख्या में लोग यहां दर्शन और पूजा अर्चना करने आयेंगे। उन्होंने कहा कि समाज में नई पीढ़ी के लोगों को यहां कई प्रकार की जानकारियां और शिक्षा मिलेंगी। समाज में एकता और भाईचारे का संदेश जायेगा। आपस में किसी प्रकार का कोई विवाद न हो, ये आप सब उपदेश देते हैं यह बड़ी बात है। आज के इस अवसर पर मैं आप सबों को बधाई देता हूं और नमन करता हूं।

******